रेलटेल
RAILTEL

# रेलटेल गतिविधियाँ

आज़ादी का अमृत महोत्सव

बारहवां संयुक्तांक
जुलाई से दिसम्बर, 2021

## रेलटेल द्वारा समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर




14 अक्टूबर 2021 को रेलटेल और सी–डॉट (C-DOT) ने देश भर में संचार नेटवर्क के आधुनिकीकरण और विस्तार पर मुख्य ध्यान देने के साथ दूरसंचार के विविध क्षेत्रों में सहयोग के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। सी–डॉट (C-DOT) और रेलटेल के बीच तालमेल उपकरण की लागत को कम करके ग्रामीण क्षेत्रों में जनता को सस्ती ब्रॉडबैंड सेवाएं प्रदान करने में मदद करेगा।






1 दिसंबर 2021 को रेलटेल और कॉमन सर्विस सेन्टर (CSC) ई–गर्वनेन्स सर्विसिज़ इण्डिया लि॰ ने रेलटेल के रेलवायर साथी कियोस्क और वाई–फाई नेटवर्क का उपयोग करते हुए रेलवे स्टेशनों पर कियोस्क के माध्यम से डिजिटल सेवाएं प्रदान करने के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। यह साझेदारी डिजिटल दूरी को पाटने के लिए ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में ब्रॉडबैंड की पहुंच बढ़ाने के लिए एक–दूसरे की शक्तियों का लाभ उठाएगी।

## रेलटेल की वार्षिक आम सभा का आयोजन






29 सितम्बर, 2021 को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित रेलटेल की वार्षिक आम सभा के दौरान श्री पुनीत चावला, अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक, रेलटेल शेयरधारकों को संबोधित करते हुए। उन्होंने वित्त वर्ष 20–21 के लिए 1.20/– रुपये प्रति शेयर अंतिम लाभांश की घोषणा की। कंपनी द्वारा वित्त वर्ष 20–21 के लिए कुल लाभांश भुगतान 70.60 करोड़ रुपये था, जिसमें 32.09 करोड़ रुपये का अंतरिम लाभांश शामिल है जिसका भुगतान शेयरधारकों को पहले ही किया जा चुका है।

## रेलटेल क्षेत्रीय महाप्रबंधक सम्मेलन (22–23 अक्टूबर 2021) का आयोजन




23 अक्टूबर, 2021 को सुश्री अरुणा सिंह, अपर सदस्य/दूरसंचार, रेलवे बोर्ड ने रेलटेल के आरजीएम सम्मेलन को संबोधित किया। उन्होंने रेलटेल की टीम की उपलब्धियों की सराहना की और टीम को विकास के लिए उसी भावना और उत्साह के साथ काम करना जारी रखने के लिए प्रेरित किया।





23 अक्टूबर, 2021 को रेलवे बोर्ड के अपर सदस्य / संकेत श्री राहुल अग्रवाल ने रेलटेल के आरजीएम सम्मेलन को संबोधित किया। उन्होंने रेलटेल के लिए विभिन्न अवसरों पर चर्चा की जिसे टीम निरंतर विकास के लिए खोज सकती है। क्षेत्रीय महाप्रबंधक सम्मेलन में रेलटेल के वरिष्ठ अधिकारियों ने कंपनी के प्रदर्शन, परियोजना की स्थिति, भविष्य की संभावनाओं और रणनीति पर विस्तार से चर्चा की।

## रेलटेल का 22वां स्थापना दिवस









26 सितम्बर, 2021 को रेलटेल के 22वें स्थापना दिवस के अवसर पर वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से वर्चुअल बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर और श्री के के बाजपेयी, पूर्व प्रबंध निदेशक / रेलटेल ने रेलटेल के कार्यपालकों को संबोधित किया और रेलटेल की अब तक की यात्रा और भविष्य की संभावनाओं के बारे में परस्पर चर्चा की। बैठक के दौरान अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक / रेलटेल श्री पुनीत चावला, निदेशक / एनपीएम श्री संजय कुमार, निदेशक / वित्त श्री आनंद कुमार सिंह तथा मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री मुकेश कुमार भी उपस्थित रहे।

## रेलटेल के एचडी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग प्लेटफॉर्म के माध्यम से कार्यक्रम का आयोजन





16 जुलाई, 2021 को माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा पुनर्विकसित गांधीनगर कैपिटल स्टेशन के उद्घाटन कार्यक्रम की सुविधा के लिए रेलटेल ने अपनी एचडी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग प्लेटफॉर्म के माध्यम से 7 स्थानों को जोड़ा।

## रेलटेल में संविधान दिवस मनाया गया



26 नवंबर, 2021 को 72वें संविधान दिवस के अवसर पर श्री. पुनीत चावला, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक/रेलटेल, निदेशक/एनपीएम, निदेशक/वित्त, सीवीओ, कार्यपालक निदेशक, महाप्रबंधक और रेलटेल के अन्य अधिकारियों ने संविधान की प्रस्तावना पढ़ी।



26 नवम्बर 2021 को सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए टीपी/वेबेक्स के माध्यम से आयोजित संवैधानिक लोकतंत्र पर प्रश्नोत्तरी में भाग लेते हुए रेलटेल के कार्यपालक।

## रेलटेल को उत्कृष्ठ सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया



24 सितंबर 2021 को रेलटेल को दूरसंचार और सूचना प्रौद्योगिकी श्रेणी में डन एंड ब्रैडस्ट्रीट पीएसयू अवार्ड 2021 से सम्मानित किया गया है। रेलटेल परिवार के लिए गौरव का क्षण।



29 जुलाई 2021 को श्री पुनीत चावला, सीएमडी /रेलटेल को गवर्नेंस नाउ पीएसयू अवार्ड्स में सीएमडी ऑफ द ईयर अवार्ड से सम्मानित किया गया। डॉ किरण बेदी, पूर्व उपराज्यपाल, पुडुचेरी ने श्री चावला का उनके उत्कृष्ट नेतृत्व के लिए अभिनंदन किया।

## नेटवर्क परिचालन केन्द्र का उद्घाटन





02 अगस्त, 2021 को श्री प्रेम सागर मिश्रा, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक/ईसीएल ने रेलटेल द्वारा क्रियान्वित ईसीएल के 240 स्थानों को जोड़ने वाले एमपीएलएस–वीपीएन लिंक की निगरानी के लिए नेटवर्क परिचालन केंद्र का उदघाटन किया। रेलटेल द्वारा बनाए गए इस लिंक का उपयोग ईसीएल द्वारा कोल इंडिया और उसकी सहायक कंपनियों के सिंगल इंस्टांस ईआरपी (प्रोजेक्ट पैशन) तक पहुंचने के लिए किया जा रहा है।

## त्रैमासिक हिंदी न्यूज लेटर का विमोचन व हिंदी पुस्तकालय का शुभारंभ





27 अगस्त, 2021 को रेलटेल द्वारा प्रकाशित त्रैमासिक हिंदी न्यूज लेटर रेलटेल गतिविधियां के 11वें अंक का विमोचन सीएमडी महोदय द्वारा किया गया। इसी के साथ रेलटेल में हिंदी के प्रयोग प्रसार की दृष्टि से सीएमडी महोदय के कर कमलों द्वारा रेलटेल कारपोरेशन में हिंदी पुस्तकालय का भी शुभारंभ किया गया ।

# रेलटेल द्वारा क्रियान्वित अस्पताल प्रबंधन सूचना प्रणाली का उद्घाटन





28 अगस्त, 2021 को रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी श्री सुनीत शर्मा द्वारा महानिदेशक/आरडीएसओ, महाप्रबंधक/उत्तर रेलवे, डीआरएम/लखनऊ और रेलवे और रेलटेल के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में अतिरिक्त मंडल अस्पताल, लखनऊ में रेलटेल द्वारा क्रियान्वित अस्पताल प्रबंधन सूचना प्रणाली (HMIS) का उद्घाटन किया गया।

# रेलटेल द्वारा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) आधारित पहचान प्रणाली की स्थापना





**RailTel finishes work on AI-based ID system for Assam govt schools**

रेलटेल ने असम के सरकारी स्कूलों के लिए एसडीएमआईएस (स्टूडेंट डेटाबेस मैनेजमेंट इंफॉर्मेशन सिस्टम) की उपस्थिति और प्रबंधन के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) –आधारित पहचान प्रणाली को स्थापित करने का कार्य पूरा कर लिया है। इस प्रणाली में सभी 33 जिलों के 48,000 स्कूल शामिल हैं। रेलटेल ने सभी प्राथमिक, माध्यमिक और उच्च माध्यमिक विद्यालयों में उपस्थिति दर्ज करने के लिए इस आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI)–आधारित पहचान प्रणाली को कॉन्फिगर, कस्टजमाईज और डिप्लाय किया है। इस परियोजना की कुल लागत 19.20 करोड़ रूपये है।

# सतर्कता जागरूकता सप्ताह (26 अक्तूबर से 1 नवम्बर, 2021) का आयोजन





26 अक्टूबर 2021 को सीएमडी/रेलटेल ने सतर्कता जागरूकता सप्ताह की शुरुआत को चिह्नित करने के लिए रेलटेल के अधिकारियों को सतर्कता प्रतिज्ञा दिलाई। प्रतिज्ञा के बाद सीवीओ का संबोधन, सतर्कता पर प्रस्तुति, रेलटेल के क्षेत्रीय प्रमुखों के साथ चर्चा और सीएमडी द्वारा संबोधित किया गया।

# रेलटेल में स्वच्छता पखवाडा (16 सितम्बर से 2 अक्तूबर, 2021) का आयोजन





आज दिनांक 16 सितंबर 2021 को रेलटेल कारपोरेट कार्यालय में निदेशक वित्त श्री आनंद कुमार सिंह द्वारा सभी रेलटेल कर्मियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई और आग्रह किया कि स्वच्छता पखवाड़े (16 सितंबर से 2 अक्टूबर 2021) के दौरान स्वच्छता मिशन को सफल बनाने के लिए सक्रिय प्रयास करें ।




19 सितम्बर 2021 को सीएमडी/रेलटेल श्री पुनीत चावला ने स्वच्छता पखवाड़ा के दौरान आर–नॉक में निरीक्षण किया और कार्यालय परिसर में वृक्षारोपण भी किया।




श्री सी. के. प्रसाद, क्षेत्रीय महाप्रबंधक/दक्षिणी क्षेत्र द्वारा सिकंदराबाद में और श्री शैलेंद्र सिंह, महाप्रबंधक/दक्षिणी क्षेत्र द्वारा चेन्नई में स्वच्छता पखवाड़ा के दौरान वृक्षारोपण किया गया।



श्रीमती विजयलक्ष्मी कौशिक ,कार्यपालक निदेशक, उत्तरी क्षेत्र द्वारा टेरिटरी कार्यालय जयपुर के अपने दौरे के दौरान वृक्षारोपण करती हुई।



स्वच्छता नखवाड़ा के दौरान, पूर्वी क्षेत्र/रेलटेल ने स्वच्छता के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए "नुक्कड़ नाटक" का आयोजन किया।

# रेलटेल में राजभाषा पखवाडा (10 सितम्बर से 24 सितम्बर, 2021) का आयोजन





14 सितम्बर, 2021 को हिंदी दिवस के अवसर पर श्री पुनीत चावला, सीएमडी/रेलटेल ने रेलटेल के सभी कार्मिकों को राजभाषा हिंदी की प्रतिज्ञा दिलाई। इस अवसर पर श्री चावला ने सभी कार्मिकों को अपना कामकाज हिंदी में ही करने का आवाह्न किया ।



दिनांक 22 सितम्बर 2021 को रेलटेल राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक की अध्यक्षता करते हुए रेलटेल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री पुनीत चावला ।



20 सितम्बर 2021 को कंप्यूटर एवं मोबाईल में हिंदी के प्रयोग हेतु आधुनिक फीचर्ज विषय पर कार्यशाला।

श्री केवल कृष्ण, पूर्व निदेशक/राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय व्याख्यान देते हुए।





24 सितम्बर 2021 को राजभाषा पखवाडा के समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित श्री मनोज कुमार राम, कार्यपालक निदेशक, स्था. (आर), रेलवे बोर्ड (दांए) एवं मुख्य वक्ता डा. मुक्ता, लेखिका, समाज सेविका एवं भारत के महामहिम राष्ट्रपति के कर कमलों द्वारा सुब्रामणयम भारती पुरस्कार से सम्मानित (बांए), को पौधा भेंट कर स्वागत करते हुए रेलटेल के सीएमडी श्री पुनीत चावला।





रेलटेल कार्पोरेट कार्यालय में राजभाषा पखवाडा (10 सितम्बर से 24 सितम्बर, 2021) के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेताओं को पुरस्कृत करते हुए मुख्य अतिथि श्री मनोज कुमार राम, कार्यपालक निदेशक, स्था. (आर), रेलवे बोर्ड , मुख्य वक्ता डा. मुक्ता एवं रेलटेल के सीएमडी श्री पुनीत चावला।

## रेलटेल में आज़ादी का अमृत महोत्सव का आयोजन





30 अक्टूबर 2021 को आज़ादी का अमृत महोत्सव के अवसर रेलटेल कॉर्पोरेट कार्यालय परिसर में रन फॉर यूनिटी (Run For Unity) का आयोजन किया गया। सुश्री दिव्या काकरन, भारत केसरी, अर्जुन अवार्डी और फ्री स्टाइल पहलवान को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया था। रेलटेल के सीएमडी श्री पुनीत चावला ने पौधा भेंट कर सुश्री दिव्या काकरान का स्वागत किया। सुश्री दिव्या काकरान ने रिबन काटकर रन फॉर यूनिटी (Run For Unity) का शुभारम्भ किया।





30 अक्तूबर 2021 को रेलटेल के सीएमडी श्री पुनीत चावला ने रेलटेल कॉर्पोरेट कार्यालय परिसर में रन फॉर यूनिटी को झंडी दिखाकर रवाना किया।

## रेलटेल की व्यवसाय संबंधी महत्वपूर्ण उपलब्धियां



रेलटेल कश्मीर घाटी में सुरक्षा में सुधार के लिए टनल रेडियो सिस्टम क्रियान्वित करने का दायित्व सौंपा गया है। इस एकीकृत सुरंग संचार प्रणाली (वीएचएफ सिम्प्लेक्स) की कुल लागत ₹86.90 करोड़ है। रेलटेल के सीएमडी श्री पुनीत चावला ने कहा कि रेलटेल के पास ट्रेन संचालन के साथ–साथ सुरक्षा में सुधार के लिए इसे निष्पादित करने की विशेषज्ञता है।




रेलटेल ने एकीकृत संचार प्रणाली के डिजाइन, आपूर्ति, स्थापना, वायरिंग, परीक्षण और कमीशनिंग के लिए कोंकण रेलवे कॉर्पोरेशन लिमिटेड से 86.90 करोड़ रुपये का ऑर्डर प्राप्त किया।


## रेलटेल कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड

**(भारत सरकार का उपक्रम, रेल मंत्रालय)**

**कॉर्पोरेट कार्यालय** : प्लेट–ए, छठा तल, ऑफिस ब्लॉक, टॉवर–2, ईस्ट किदवई नगर, नई दिल्ली–110023
दूरभाष : +91–11–22900600, फैक्स :+91–11–22900699, वेबसाईट : www.railtelindia.com

रेलटेल, कॉर्पोरेट कार्यालय के राजभाषा विभाग द्वारा प्रकाशित